nandgaon times march-19-3.qxd 3/18/2026 11:57 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

डोंगरगांव क्षेत्र में भक्त माता कर्मा जयंती ... पृष्ठ 2 | आडम्बर से दूर रहेंगे, कुरीति... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

गुरूवार, 19 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 154, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## जबरन दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का कार्य करवाने वालों पर की जाए कड़ी कार्यवाही - मुख्यमंत्री

### केवल नगर निगम अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही कराया जाए सीवरेज सफाई का कार्य

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य में जबरन दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर कड़ाई से कार्यवाही की जाए। उन्होंने सीवरेज सफाई के संबध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतर्गत केवल नगर निगम के माध्यम से अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही सीवरेज सफाई का कार्य करवाया जाए। साथ ही सफाई के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए, जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना होने पाए।



मुख्यमंत्री श्री साय ने आज अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध तथा उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में राज्य अनुश्रवण समिति की छत्तीसगढ विधानसभा स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता के दौरान ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कल राज्य के एक निजी बड़े हॉस्पिटल में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित वर्ग को हर संभव सहायता दी जाए साथ ही घटना के जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटना ना होने पाए। इस मौके पर आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि जबरन हाथ से मैला उठाने का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर ऐक्ट में दंड का भी प्रावधान है, जिसमें एक वर्ष का कारावास अथवा पचास हजार तक जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में जागरूकता लाने हेतु उचित प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति के पुनर्गठन के बाद यह पहली बैठक है। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के परिपालन में गाईडलाइन अनुसार प्रदेश के समस्त जिलों में मैनुअल स्केवेंजर्स रिसर्वे करवाया गया है जिसमें सभी जिला कलेक्टर द्वारा मैनुअल स्केवेंजर्स मुक्त का प्रमाण पत्र दिया गया है जो कि प्रदेश के लिए बहुत ही सम्मान एवं गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि हाथ से मैला उठाने की प्रथा मानवीय मूल्यों एवं संविधान द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों के विपरीत है। समाज में हर व्यक्ति को पूरे सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। उन्होंने मैन्युअल स्कैवेंजर्स प्रथा के उन्मूलन की दिशा में सराहनीय प्रयास हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा अन्य सहयोगी विभागों / संस्थानों के समन्वित प्रयास की भी सराहना की। बैठक में वर्ष 2018 में आयोजित पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर 2023 के आदेश के अनुसरण में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त मैनुअल स्कैवेजर्स के पुनसर्वेक्षण रिपोर्ट पर राज्य स्तरीय सर्वेक्षण समिति द्वारा चर्चा की गई एवं अनुमोदन किया गया। बैठक में केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले, श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, मुख्य सचिव श्री विकासशील, पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री भीम सिंह, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव श्री बसव राजू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## घुमका शराब दुकान मामला : कांग्रेस नेता जबरन भाजपा सरकार को कर रही बदनाम

### पूर्व जिपं. सदस्य राजेश श्यामकर ने कसा तंज

**उपरवाह / घुमका ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत घुमका मे शराब दुकान खोलने आबकारी विभाग को आवेदन भेज दिया गया है। जल्द हीं घुमका नगर पंचायत मे शराब दुकान संचालित हो जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे ने भाजपा सरकार को जमकर कर कोसा है। वही भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे पर जमकर भड़ास निकालते हुवें कहा की रुपेश दुबे पहले सच्चाई जान ले मेरे बाल सखा फिर बयानबाजी करें उनको मै बता दूं की नगर पंचायत घुमका मे शराब दुकान खोलने की अनुमति उनके की पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने पंचायत मे हीं बैठक कर शराब दुकान खोलने एनवोसी दिया पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल और पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने गौरव ग्राम



घूमका में शराब दुकान खोलने शुरू से प्रयास किया तब कहा छुप कर बैठे थे । कांग्रेस नेता । राजेश श्यामकर ने आगे कहा की कांग्रेस नेता रुपेश दुबे भाजपा सरकार को कोसने से पहले अपने पूर्व विधायक , वर्तमान विधायक हर्षिता बघेल व पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा को कोसे।पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने पंचायत की प्रस्ताव लेकर शराब दुकान खोलने आबकारी विभाग मे आवेदन प्रस्तुत बार-बार करती रही। तब कहा थे कांग्रेस के नेता लोग। ये कांग्रेस के पूर्व विधायक व वर्तमान विधायक हर्षिता बघेल की सोची समझी साजिश है। कांग्रेस के नेता लोग भाजपा सरकार पर जबरन बेबुनियाद आरोप लगाना बंद करें।

## चैत्र नवरात्रि पर ग्राम आरला में शीतला माता की मूर्ति स्थापना, भक्ति में डूबा गांव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम आरला स्थित शीतला माता मंदिर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ शीतला माता की मूर्ति स्थापना का भव्य आयोजन किया गया। नवरात्रि के शुभ माहौल में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां शीतला की प्रतिमा स्थापित की गई, जिससे पूरे गांव में धार्मिक वातावरण बन गया। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाती है, ऐसे में शीतला माता की स्थापना को विशेष महत्व दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश स्थापना और पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति स्थापना संपन्न हुई। मंदिर परिसर में पूरे समय भजन-कीर्तन और जयकारों की गूंज रही। इस अवसर पर गांव के महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां शीतला की पूजा की और गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नवरात्रि के चलते मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। मूर्ति स्थापना के पश्चात हवन-पूजन किया गया तथा प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन में ग्राम के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। ग्रामीणों का कहना है कि नवरात्रि के पावन पर्व पर इस तरह के धार्मिक आयोजन से न केवल आस्था मजबूत होती है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारा भी बढ़ता है।

## अज्ञात पुरूष का ट्रेन से कटा हुआ लास बरामद

**डोंगरगढ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्टेशन प्रबंधक द0पू0म0 रेलवे डोंगरगढ़ से एक लिखित मेमो प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात व्यक्ति



का श (पुरूष) अप लाईन जटकन्हार डोंगरगढ़ स्टेशनों के बीच किमी 926/11-13 के पास पड़ा है। कि सूचना पर घटना स्थल क निरीक्षण किया जहां पाया गया कि एक व्यक्ति पुरूष उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष का, जो दो पटरियों के मध्य नग्न अवस्था पड़ा हुआ है। जिसका बांया हाथ धड़ से अलग व सिर कटा हुआ है और सिर का उपर का हिस्सा आधा बाडी से थोड़े दू पर पड़ा हुआ है, बाडी खंम्भा न0-926/5 के पास व पुरी घटना एवं बाडी के कुछ छोटे अंग 926/6 से 926/11 तक फैले हुये है। मृतक का कत्था रंग का पैंट व चप्पल व नीले रंग का फ्टा शर्ट को एक पन्नी में पैक कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है जिसकी मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक पुरूष के परिजनों का पता तलाश किया जा रहा है। अत: आप अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत में अज्ञात मृतक पुरूष के संबंध में पतासाजी करावें पता चलने पर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को सूचित करें।

## खाद्य लाइसेंस को आजीवन मान्यता देने के फैसले का कैट ने किया स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खाद्य लाइसेंस को आजीवन मान्यता देने के निर्णय का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला राजनांदगांव ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे व्यापारियों के लिए बड़ी राहत बताते हुए कहा कि यह लंबे समय से चली आ रही मांग थी। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एफएसएसएआई के प्रगतिशील सुधारों से व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिला है, खाद्य सुरक्षा मजबूत हुई है तथा लाखों व्यापारियों को महत्वपूर्ण राहत मिली है। इस निर्णय के लिए संगठन ने धन्यवाद मोदीजी भी व्यक्त किया है।

**व्यापारियों को मिलेगी बड़ी राहत**

कैट पदाधिकारियों ने कहा कि अब तक खाद्य लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया में व्यापारियों को बार-बार कागजी कार्यवाही और विभागीय प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। आजीवन मान्यता मिलने से इन जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी और व्यापारी अपने व्यवसाय पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**व्यापार सुगमता को मिलेगा बढ़ावा**

संगठन का मानना है कि इस निर्णय से व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए यह कदम विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा, जिससे उनके कामकाज में सरलता आएगी और अनावश्यक प्रशासनिक दबाव कम होगा। कैट पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का मार्गदर्शन कर रहे बी सी भारतीया, सुनील सिंघी, अमर परवानी एवं प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व की भी सराहना की। इनकी मांग पर सरकार ने उपरोक्त निर्णय लिया। कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, अशोक पांडे, लक्ष्मण लोहिया, अमित खंडेलवाल, संजय लड्ढा, सागर चितलांगिया, सूरज बुद्धदेव, आलोक बिंदल एवं प्रतीक अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने इस निर्णय के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्टेशन रोड सौदर्यीकरण के लिए निगम ने हटाया अतिक्रमण

**राजनांदगांव। शहर को** साफ सुंदर एवं व्यवस्थित रखने अतिक्रमण मुक्त करने एवं सुगम आवागमन के लिए नगर निगम द्वारा शहर में



निरीक्षण कर अवैध रूप से कब्जा करने तथा अतिक्रमण कर ठेला खोमचा व पसरा लगाने, नाली के उपर अतिक्रमण करने तथा मलमा रखने वालो को स्वयं अतिक्रमण हटाने समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता शहर में सुनियोजित अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। आज की कार्यवाही में स्टेशन रोड सौदर्यीकरण के लिए अभियान चलाकर चबूतरा, शेड, जेसीबी से तोड ठेला गुमटी हटाया गया। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर को स्वच्छ, साफ एवं सुंदर रखने तथा सौदर्यीकरण करने निगम का अतिक्रमण दस्ता शहर के विभिन्न स्थानों में निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर अतिक्रमण स्थल मे जाकर हटाने समझाईस देने के साथ साथ नही हटाने पर कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज रेल्वे स्टेशन रोड मे सौदर्यीकरण के लिए अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया गया। अभियान में अतिरिक्त निर्माण, प्लेटफार्म व शेड जेसीबी से तोडा गया, वही ठेला, खोमचा हटाने की कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि स्टेशन रोड का स्वागत द्वार एवं डिवाईडर पुरानी होने से खराब स्थिति में आ गयी है, जिसका जीर्णोद्धार कर सौदर्यीकरण महापौर श्री मधुसूदन यादव के पहल पर नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। सौदर्यीकरण के तहत स्वागत द्वार में मारबल आदि लगाया जायेगा, इसी प्रकार डिवाईडर का मरम्मत कर आकर्षक लाईटे लगायी जा रही है। इसके अलावा रोड में डामरीकरण किया जाना है। ड्रेन टू ड्रेन डामरीकरण के लिए आज स्टेशन रोड में अतिरिक्त शेड, चबूतरा निर्माण आदि तोड ठेला खोमचा हटाया गया। इस दौरान निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं उपस्थित रहकर स्टेशन रोड के व्यापारियो से सहयोग करने समझाईस दिये। अतिक्रमण हटाने के दोरान कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, उप अभियंता श्री मोनेन्द्र साठिया, सह.उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी,समयपाल श्री चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व श्री गणेश झा दस्ता के साथ अतिक्रमण हटाने में लगे रहे।

## अवैध परिवहन पर लगाम कसने छोटी सड़कों पर लगेंगे चेक पोस्ट और बैरियर कलेक्टर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 18 मार्च कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने सड़कों की सुरक्षा, अवैध परिवहन पर रोक और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए।





कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की ऐसी छोटी सड़कों का चिन्हांकन करें, जहां से बड़े और भारी वाहन अवैध रूप से गुजरते हैं। इन मार्गों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चेक पोस्ट, सीसीटीवी कैमरे और गार्डर या बैरियर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इससे न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी, बल्कि ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता भी लंबे समय तक सुरक्षित रहेगी। सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के लिए कलेक्टर ने पूर्व में चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थलों की समीक्षा की। उन्होंने इन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाने, हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था करने, और नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर नियमित चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि नियम तोड़ने वालों पर सख्ती बरती जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का स्वत: पालन करे। बैठक में भारत सरकार की पीएम राहत योजना की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि अब सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'गोल्डन ऑवर' (दुर्घटना के तुरंत बाद का समय) में तत्काल उपचार मिलेगा। और योजना के तहत पंजीकृत शासकीय और निजी अस्पतालों में 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। वहीं पीड़ित को अधिकतम 7 दिनों तक नि:शुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री आनंद शर्मा ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## छगन निषाद पुनः भर्रेगांव परिक्षेत्र का अध्यक्ष निर्वाचित हुए,

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज परिक्षेत्र भर्रेगांव का चुनाव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद व पर्यवेक्षक टीकम निषाद की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी, सहायक निर्वाचन अधिकारी दाता राम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी हरिराम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रेम प्रकाश निषाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत निषाद ने छगन निषाद को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर 1 मत से निर्वाचित घोषित किया गया । सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया ने प्रमाण पत्र प्रदान किया ।

**छगन निषाद ने 1 मत से हुई विजयी, शेष पद निर्विरोध**

सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री सोनवानी ने बताया कि अध्यक्ष छगन निषाद ठेकवा को 46 मत, भूषण निषाद को 45 मत व गौतम निषाद को 37 मत प्राप्त हुए। मतदाता की कुल संख्या 154 में 128 मतदाताओं ने मतदान किया । परिक्षेत्र के अन्य पदाधिकारी गण उपाध्यक्ष तिलक राम निषाद धामनसरा, महासचिव अमृत राज निषाद बुचीभरदा, कोषाध्यक्ष बंशीलाल निषाद कुसमी, अंकेक्षक तोरनलाल निषाद सिंघोला, सचिव चुम्मन सिंह निषाद धामनसरा, सहसचिव देवराज निषाद उसरीबोड, संगठन सचिव अरविन्द निषाद बुचीभरदा, उप संगठन सचिव उगेश्वर निषाद बेलटिकरी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिव्या निषाद कोसमी, कार्यालय सचिव महेश्वर लाल निषाद भर्रेगांव को निर्विरोध निर्वाचित होने पर जिला संगठन राजनांदगांव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

## आवश्यक सेवा के दावे कागजों तक सीमित, माता देवाला में सिलेंडर नहीं, खाद्य विभाग घेरा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्रि के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच व्यवस्थाओं में बड़ी चूक सामने आई है। मंदिर में ड्यूटी पर तैनात लगभग 2500 पुलिसकर्मियों एवं ट्रस्ट कर्मियों के लिए भोजन गैस सिलेंडर के अभाव में लकड़ी के चूल्हों पर बनाया जा रहा है, जिससे व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति उजागर हो गई है। शासन द्वारा एलपीजी को च्आवश्यक सेवाज् घोषित कर प्राथमिकता से उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता प्रशासनिक दावों पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। गैस की कमी के कारण भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे अतिरिक्त समय और संसाधनों की खपत बढ़ रही है। इतने बड़े धार्मिक आयोजन में इस प्रकार की अव्यवस्था प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। इसी मुद्दे को लेकर युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खाद्य विभाग कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज



कराया। शास्त्री ने कहा कि च्सुशासन के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। शासन के निर्देशों के बावजूद आवश्यक सेवाओं में इस तरह की लापरवाही पूरी व्यवस्था की सच्चाई सामने ला रही हैज्ज् उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ड्यूटी पर तैनात जवानों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिलना अत्यंत गंभीर विषय है। युवा नेता शिवम गढ़पाले एवं दीनू साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष नवरात्रि मेले के दौरान माता देवाला में एलपीजी गैस सिलेंडरों की समुचित व्यवस्था रहती है, किंतु इस वर्ष स्थिति पूरी तरह विपरीत है। जहां पूर्व में निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित रहती थी, वहीं इस बार जवानों एवं कर्मियों को लकड़ी के चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है। मामले में खाद्य अधिकारी, राजनांदगांव को लिखित शिकायत सौंपकर एलपीजी आपूर्ति की जांच, संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही तय करने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही नवरात्रि अवधि में तत्काल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई है। इस दौरान शिवम गढ़पाले, संदीप डहरे, दीनू साहू, राजा यादव, विनायक राठौड़, फूलेश साहू, अनिल सोनी, टोमन साहू, मोहनीश गेड़ाम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करते कोचिया गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देशन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में थाना डोंगरगढ़ में पदस्थ प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने, शराब कोचियों/तस्करों पर नजर रख रही है। इसी क्रम में दिनांक 17 मार्च शनिवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति एक्टिवा वाहन में अवैध रूप से अधिक मात्रा में देशी शराब रखकर डोंगरगढ़ की ओर आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम अछोली नाला पुलिया के पास नाकाबंदी कर संदेही को रोका गया। जांच के दौरान आरोपी राधेश्याम निषाद, पिता मोहन निषाद, उम्र 36 वर्ष, निवासी बुधवारीपारा वार्ड क्रमांक 14, डोंगरगढ़, निषाद के कब्जे से 50 पौवा देशी शराब एवं एक्टिवा वाहन क्रमांक छ्त्र 08 2615 बरामद कर कुल 24 हजार पांच सौ रु सामग्री जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल, उप निरीक्षक रोहित खुटे, प्रधान आरक्षक चित्रेश गात्रे एवं आरक्षक युगेंद्र देशमुख का सराहनीय योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित हुई व्याख्याता रेशमी साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता रेशमी साहू रायपुर में आयोजित राज्य



स्तरीय सम्मान कर्मवीर रत्न से सम्मानित हुई । यह आयोजन रायपुर स्थित वृंदावन हॉल, सिविल लाइन में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में एक भव्य एवं गरिमा में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । यह समारोह अकादमी के संस्थापक राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संजय कुमार मैथिल , अध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित मीना भारद्वाज एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारी के सौजन्य से संपन्न हुआ । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पधारे उत्कृष्ट शिक्षकों , समाजसेवियों एवं कलाकारों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया । उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गुरु खुशवंत साहेब जी, अध्यक्षता मोना सेन जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म बोर्ड विकास निगम, उत्तरी जांगड़े जी विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरें जी विधायक बिलाईगढ़, चातुरी नंद जी विधायक सरायपाली आदि रहे। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता श्रीमती रेशमी साहू को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य, सामाजिक सेवा, साहित्य सृजन , वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण , नारी सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा तथा संगठन के प्रति समर्पित योगदान के लिए राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उन्हें शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र एवं सम्माननीय चिन्ह प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य जनों ने श्रीमती रेशमी साहू के शिक्षण कार्य , साहित्य लेखन, पर्यावरण संरक्षण ,वृक्षारोपण ,नारी सशक्तिकरण और सेवाभावी व्यक्तित्व की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें समाज एवं संगठन के लिए निरंतर इसी प्रकार प्रेरणादायी योगदान देते रहने के लिए प्रोत्साहित किया । यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह ही नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक और रचनात्मक कार्य करने वाले व्यक्तित्व के लिए प्रेरणा का एक सशक्त मंच बनकर उभरा हैं। इस सम्मान पर संस्था प्राचार्य ,समस्त स्टॉफ सदस्य , सामाजिक बंधुगण, सभी ने रेशमी साहू जी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए ।

**शुभांक**

**3-6-8**

**368-7 480-2**

**भाग्यांक**

**460-0 499-2**

न्यायालय नायब तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

-:: ईश्तहार::-

रा0प्र.क. 202602090100026 अ/21 (1) वर्ष 2025-26

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त। आवेदक श्री विष्णु प्रसाद चन्द्रवंशी आ. श्री कल्लूराम चन्द्रवंशी, निवासी ग्राम बरमपुर, तहसील एल.बी.नगर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा स्वयं के नाम की ग्राम बागरेकसा, प.ह.नं.-06, तहसील ला.बा. नगर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 805/2, रकबा 0.040 हे./0.10 एकड़ भूमि को आदिवासी व्यक्ति को भूमि विक्रय करने से कम प्रतिफल प्राप्त होने के कारण गैर आदिवासी श्री खिलेश्वर यादव पिता रामचंद यादव, निवासी ग्राम बागरेकसा पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति अंतर्गत धारा 165 (6) छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत कलेक्टर महोदय, राजनांदगाँव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अतएव उपर्युक्त संबंध में किसी भी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 30.03.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदालदार
लाल बहादुर नगर

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, जिला-के.सी.जी. (छ.ग.)

**शपथपत्र**

मैं शपथकर्ता PRITHVEERAJ KUMAR, पिता SHRI SHASHI KANT JHA निवासी राजफैमिली वार्ड क्रमांक 04 खैरागढ, तहसील-खैरागढ, निवासी द्वारा ठकुर जिला-के0सी0जी0 (छ0ग0) 491881 निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूं कि- 1 मुझसे संबंधित समस्त अभिलेख, पासपोर्ट में मेरे नाम के अंग्रेजी के सही वर्णमाला में RITHVEERAJ KUMAR है। 2 सह कि मेरी पत्नी सोमबाला कुमार के पासपोर्ट में पति का नाम का अंग्रेजी वर्णमाला PRITHVIRAJ KUMAR अंकित है, जो गलत है। कृपया मुझ शपथकर्ता की पत्नि सोमबाला कुमार के पासपोर्ट में पति का नाम अंग्रेजी में सही वर्णमाला PRITHVEERAJ KUMAR लिखा जाए, पढा जाए, और जाना माना जाए जिसकी पुष्टि में मेरा सह शपथपत्र प्रस्तूत है।

**स्थान-खैरागढ**
**दिनांक 17/03/2026**

शपथकर्ता
PRITHVEERAJ KUMAR,
पिता SHRI SHASHI KANT JHA
निवासी राजफैमिली वार्ड क्रमांक 04 खैरागढ,
तहसील-खैरागढ,
जिला-के.सी.जी. (छ.ग.)

## राजपूत समाज की महिलाओं ने बड़े उत्साह और गर्व के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पूरे भारत देश में अंतरराष्टीय महिला दिवस को महिलाए पखवाड़े में मानती है इसी क्रम में डोंगरगढ़ राजपूत समाज की महिलाओं ने एकजुट होकर अपने अधिकारों, उपलब्धियों और सामाजिक योगदान पर चर्चा की और अपने-अपने विचार साझा किए।



कई महिलाओं ने कहा कि आज का दिन सिर्फ उत्सव का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उनका मानना है कि बदलते समय के साथ महिलाएं हर क्षेत्र—शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय और समाज सेवा—में आगे बढ़ रही हैं और अपनी पहचान बना रही हैं। कुछ महिलाओं ने यह भी बताया कि समाज में अब जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन अभी भी महिलाओं को समान अवसर और सम्मान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास की जरूरत है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास को सबसे महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को प्रेरित किया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। इस तरह का आयोजन महिलाओं के बीच एकता और आत्मविश्वास को मजबूत करता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है इस अवसर पर श्रीमती किरण सिंह ठाकुर, आभा सिंह भारतद्वाज, माया सिंह चंदेल,ज्योति भारतद्वाज, रश्मि राजपूत,तनु ठाकुर, सजीला राजपूत, निता राजपूत, पुष्पलता राजपूत, तन्या राजपूत, पुष्पा राजपूत,आरती राजपूत,सविता राजपुत, करुणा राजपूत,अर्चना राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिलाए शामिल थी।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिको को दी हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,सांसद श्री संतोष पाण्डे तथा महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिको को हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि नवरात्रि का त्योहार हमे माता की पूजा अर्चना व उपासना का संदेश देती है तथा गुडीपडवा त्योहार हमारी संस्कृति एवं विरासत पर जोर देते हुये सामाजिक सद्भावना तथा अखंडता को बनाये रखने में महती भूमिका निभाती है। उन्होंनें कहा कि चैत्र नवरात्रि में नव दिनों तक माता की अराधना व पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही हिन्दू नव वर्ष का भी शुभारंभ होता है। हिन्दू नव वर्ष के कलेण्डर के आधार पर ही हम हिन्दू लोग धार्मिक त्योहार एवं व्रत मनाते है। उन्होंने इस पावन पर्व पर नागरिकों के मंगलमय जीवन की कामना की है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह, सांसद श्री पाण्डे तथा महापौर श्री यादव ने इस पावन प्रसंग पर बताया कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि की निर्मिति हुई, इसलिए इस दिन हिन्दू नववर्ष मनाया जाता है। इस दिन को संवत्सरारंभ, गुडी पडवा, विक्रम संवत् वर्षारंभ, युगादी, वर्ष प्रतिपदा, वसंत ऋतु प्रारंभ दिन आदि नामों से भी जाना जाता है। यह दिन महाराष्ट्र में च्गुडीपडवाज् के नाम से भी मनाया जाता है। गुडी अर्थात् ध्वजा। पाडवा शब्द में च्पाडज् का अर्थ होता है पूर्णय एवं च्वाज् का अर्थ है वृद्धिंगत करना, परिपूर्ण करना। निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा,सुनील साहू,राजेश जैन रानू,श्रीमती बिना ध्रुव,शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा,श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू,सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन,श्री संतोष कुमार साहू,श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल तथा पार्षदो ने नागरिकों को गुडीपडवा व हिन्दू नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हमारी हजारो वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के त्यौहारों को मनाकर अपने जीवन में खुशहाली लाना है।

## पत्नी को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

### डोंगरगांव पुलिस की कार्रवाई, मर्ग जांच में खुला क्रूरता का सच



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पत्नी के साथ लगातार मारपीट और प्रताड़ना करने के मामले में डोंगरगांव पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में महिला ने हताश होकर दिनांक 28.11.2024 को जहर सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। जो महिला सविता बाई निषाद अपने पति पुरूषोत्तम निषाद के द्वारा रोज-रोज लड़ाई झगड़ा से परेशान होकर जीवन जीने इच्छा समाप्त होने से अपने घर में जहर पीकर अस्पताल में ईलाज दौरान मृत हो गई। थाना डोंगरगांव मर्ग क्रमांक 16/2025 की जांच के दौरान यह सामने आया कि मृतिका को उसका पति पुरुषोत्तम निषाद आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। घटना के संबंध में मृतिका की बेटियों ने भी बयान में पिता द्वारा की जा रही मारपीट की पुष्टि की वहीं पड़ोसियों के बयान, एफएसएल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी प्रताड़ना के तथ्य पुष्ट हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने तत्काल वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मंजूलता बाज के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगांव की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति पुरुषोत्तम निषाद को दिनांक 17.03.22026 गिरफ्तार कर लिया गया मृतिका सविता निषाद शारीरिक रूप से अषक्त थी व चार बेटियों में से कोई साथ नही रहने व पति के प्रताड़ना से तंग आकर जहर सेवन कर लिया। थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार एवं निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मर्ग जांच के आधार पर थाना डोगरगांव द्वारा अपराध क्रमांक 57/2026 धारा 108 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। इस पूरी विवेचना में पुलिस टीम के साथ संदीप देशमुख की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## छुईखदान विकासखंड शिक्षा विभाग में समन्वयकों की कार्यप्रणाली पर सवाल, स्कूलों से अनुपस्थिति के आरोप

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड शिक्षा कार्यालय छुईखदान के अंतर्गत लगभग 40 स्कूल संकुल केंद्र संचालित हैं, जिनमें करीब 40 शिक्षक समन्वयक की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शासन स्तर पर यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि समन्वयक सप्ताह में चार दिन अपने विद्यालय में अध्यापन कार्य करेंगे तथा दो दिन संकुल निरीक्षण का कार्य करेंगे।




लेकिन स्थानीय स्तर पर कई समन्वयक नियमित रूप से अपने विद्यालयों में उपस्थित नहीं रहते और बाहरी कार्यों का बहाना बनाकर स्कूलों से नदारद रहते हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। वर्तमान में परीक्षा का समय चल रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों को शिक्षकों की अधिक आवश्यकता होती है। बावजूद इसके कई स्कूलों में समन्वयकों की अनुपस्थिति देखी जा रही है, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जब अधिकारियों द्वारा समन्वयकों को विद्यालय में नियमित अध्यापन करने के लिए कहा जाता है, तो वे संगठित होकर विरोध या हड़ताल की चेतावनी देने लगते हैं। ऐसी स्थिति में विभागीय नियंत्रण भी कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि वर्तमान बीईओ (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) भी इस व्यवस्था को नियंत्रित करने में असहाय नजर आ रहे हैं, जिसके कारण स्कूलों में अनुशासन और नियमित अध्यापन प्रभावित हो रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो विद्यार्थियों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित होगी। उन्होंने शासन और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर समन्वयकों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। क्षेत्र के कई लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो ऐसा प्रतीत होगा मानो शासन ने बच्चों की शिक्षा को उनके हाल पर छोड़ दिया हो।

## तेल संकट और विपक्ष पर बरसे अशोक चौधरी युद्धकाल में भी मजबूत है मोदी सरकार की नीति



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज विपक्षी दल क्रूड ऑयल और एलपीजी की कीमतों को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं जबकि वैश्विक युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी केंद्र सरकार ने आपूर्ति बनाए रखी है। उन्होंने कहा कि यह केवल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की मजबूत विदेश नीति का परिणाम है।

मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि आज छोटे-बड़े सभी कांग्रेसी नेता एक ही बात दोहरा रहे हैं कि क्रूड ऑयल सस्ता होने के बावजूद महंगा क्यों मिल रहा है और एलपीजी की कीमतें क्यों बढ़ी हैं। उन्होंने इसे भ्रामक प्रचार बताया। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस यह भूल रही है कि जिन देशों से भारत क्रूड ऑयल और एलपीजी आयात करता है वे इस समय भीषण युद्ध की स्थिति से गुजर रहे हैं। इसके बावजूद भारत सरकार ने आपूर्ति बाधित नहीं होने दी। उन्होंने दावा किया कि युद्ध के बीच भी भारतीय तिरंगे वाले जहाज सुरक्षित रूप से तेल लेकर देश पहुंचे और एलपीजी संकट को टाल दिया गया। श्री चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय हालात इतने खराब थे कि तत्कालीन पेट्रोलियम मंत्री वीरप्पा मोइली ने पेट्रोल पंप केवल 8 घंटे खोलने की बात कही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय भारत को क्रूड ऑयल देने के लिए कई देशों ने मना कर दिया था और पुराने कर्ज चुकाने की शर्त रखी थी। श्री चौधरी के अनुसार उस वक्त देश की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि कर्ज चुकाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं थे। श्री चौधरी ने कहा कि 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने धीरे-धीरे अपने कर्ज चुकाए और आज भारत किसी भी देश से तेल खरीदने में सक्षम है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर तंज कसते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम लेते हुए कहा कि पहले देश का खजाना राजनीतिक परिवारों के इशारों पर खर्च होता था जबकि आज पारदर्शिता और जवाबदेही है। उन्होंने ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के बावजूद भारत में न तो पेट्रोल-डीजल की कमी है और न ही आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने इसे केंद्र सरकार की सफल विदेश नीति बताया। अपने बयान के अंत में अशोक चौधरी ने देश में सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि पवित्र रमजान के महीने में मुस्लिम समाज शांति से इबादत कर रहा है और आने वाले समय में नवरात्र और ईद दोनों त्योहार देशवासी मिलजुलकर मनाएंगे। श्री चौधरी ने विपक्ष को सलाह दी कि वह पुराने बयानों और इतिहास को याद करे और वर्तमान परिस्थितियों को समझते हुए जिम्मेदारी से बयान दे। उन्होंने कहा कि आज भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है और देश हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण , कार्यशाला सम्पन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के नेतृत्वकर्ताओं के आदेशानुसार कुमरदा मण्डल में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय प्रशिक्षण का कार्यशाला बैठक को सांकरदहरा (देवरी) में रखा गया , इस कार्यशाला बैठक में खूबचंद पारख , जिला अध्यक्ष कमल राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, अशोक चौधरी, दिनेश गांधी डिकेश साहू, जगजीत सिंह भाटिय,मनीष त्रिपाठी, मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे, साथ में कुमरदा मण्डल के हिरेंद्र साहू, कैलाश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा, गोपाल भूआर्य , बोधन साहू अनिरुद्ध चंद्राकर , सुंदर साहू ,गोपाल साहू , हृदय राम देवांगन मंडल अध्यक्ष कुमरदा, पतिराम महामंत्री, कोमल सिन्हा महामंत्री, दीनदयाल साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, कपिल बघेल, गोविंद साहू,आत्माराम चंद्रवंशी, ठाकुर राम यादव, मनीष साहू, भूपेंद्र नायक, ईश्वर निर्मलकर,चंदू पटेल, डोमन साहू, चोवा साहू, द्वारिका साहू, प्रशांत मंडल, ताम्रज साहू, भुवन साहू, लक्ष्मण साहू, भुनेश्वर साहू, जग्गू राम देवांगन, पवन खरे सरपंच रतन भांट . रजवांतिन यादव, भारती देवांगन, चित्ररेखा साहू,महाबती नेताम, भागवती निषाद, लिलेश देवांगन, मनोहर साहू राम राज , ज्ञान साहू, दिग्विजय साहू, योगेंद्र राजपूत, रुपेश साहू, सहित समस्त बूथ अध्यक्ष , शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, सह-संयोजक समस्त मोर्चा पदाधिकारीगण युवा मोर्चा, महिला मोर्चा किसान मोर्चा, पदाधिकारी उपस्थित,थे।



## सुरगी में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती मनाई गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदर्श ग्राम सुरगी में ग्रामीण साहू संघ द्वारा ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवन लाल साहू पूर्व अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज मुड़पार एवं अध्यक्षता हेमंत कुमार साहू अध्यक्ष, ग्रामीण साहू समाज सुरगी ने किया। संतमाता कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात परिक्षेत्रीय साहू समाज मुड़पार के पूर्व अध्यक्ष जीवन लाल साहू, साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयोजक एवं पूर्व सचिव परिक्षेत्रीय साहू समाज मुड़पार ओमप्रकाश साहू अंकुर, मंडल साहू ने कर्मा माता की जीवनी से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित करने, प्रदेश साहू संघ, जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के अनुरूप कार्य करने पर बल दिया।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक
जिला मोहला- मानपुर- अं. चौकी (छ.ग.)

क्रमांकः- पुअ/एमएमएसी/रनि./स्टोर/132-8/2026

दिनांक 14.03.2026

**निविदा**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं रक्षित केन्द्र मोहला के स्टोर शाखा हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एस.आर.ई./ ओ.सी.सी. एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सामग्रियों की आवश्यकता है. इच्छुक फर्म 0055 पुलिस मिसलेनियस हेड में 750/- (सात सौ पचास रुपये मात्र) का चालान जमा कर निविदा की शर्तें एवं फार्म कार्यालय रक्षित निरीक्षक मोहला, जिला मोहला- मानपुर- अं. चौकी से दिनांक 23.03.2026 तक प्राप्त किया जा सकता है तथा अपनी शीलबंद निविदाएं दिनांक 31.03.2026 दिन मंगलवार के 15.00 बजे तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्धारित पेटी में जमा करें. जिन्हें दिनांक 31.03.2026 के 16:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोला जावेगा.

जी-07218

वरि. पुलिस अधीक्षक
जिला मोहला- मानपुर- अं. चौकी (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)

**तृतीय संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना**

जी. क्रमांक- 252607095

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक- 22/16.02.2026 (सिस्टम नं.- 185708) प.लो.नि./ का.अ./लो.स्वा.यां./2026 खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई में निम्नानुसार संशोधित किया जाता है:-

| निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र. | विवरण | पूर्व तिथि | संशोधित तिथि द्वितीय | संशोधित तिथि तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 22/16.02.2026, 185708 | Submission of on-line bid- | 09.03.2026 | 16.03.2026 | 01.04.2026 |
| | Last date of physical submission of original Affidavit by IPO Speed Post- | 10.03.2026 | 17.03.2026 | 02.04.2026 |
| | Downloading and evaluation of pre-qualification Document- | 10.03.2026 to 17.03.2026 | 17.03.2026 to 23.03.2026 | 02.04.2026 to 08.04.2026 |
| | Uploading of provisional status of PQ on E-procurement portal- | 17.03.2026 to 18.03.2026 | 24.03.2026 to 25.03.2026 | 09.04.2026 |
| | Invitation of claim & objections- | 18.03.2026 to 19.03.2026 | 26.03.2026 to 27.03.2026 | 10.04.2026 to 11.04.2026 |
| | Opening of Financial bid- | 20.03.2026 | 30.03.2026 | 15.04.2026 |

नोट:- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक- 18.02.2026 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 01.04.2026 सायं 5.30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है.

जी-07227

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)

nandgaon times march-19-3.qxd 3/18/2026 11:57 PM Page 3



# आडम्बर से दूर रहेंगे, कुरीति छोड़ेंगे तभी समाज विकसित व अनुशासित हो पाएगा

## अर्जुनी में भक्त माता कर्मा जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा,महाआरती की गई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम अर्जुनी में पापमोचनी एकादशी के पावन उपलक्ष्य में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का वृहद आयोजन पूरे उत्साह से हुआ।बारगाही के जगराता परिवार सरोजनी साहू,राकेश साहू,लविंद्र साव ने शोभा कलश यात्रा की लंबी श्रृंखला में सहयोग दे रहे नन्ही बालिकाओं व बहनों माता का साहस इस भीषण गर्मी में भक्तिमय सुमधुर गीतों के संग वातावरण को खुशनुमा बनाते हुए बहुल्य स्वजातीय बंधुओ की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का आगाज़ करने में सहयोग प्रदान किए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण वैष्णव जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव,अध्यक्षता किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव ने किए,अतिथि गणों के क्रम में शिवराम साहू तहसील अध्यक्ष डोंगरगांव,पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू,तहसील संरक्षक हेमंत साहू,कोमल साहू तहसील संगठन सचिव,चुनेश्वर साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष,हुकुम चन्द्र जैन समाजसेवी,रेशम साहू जनपद सदस्य,ललिता साहू सरपंच अर्जुनी,मोहित साहू प्रकोष्ठ संयोजक उपस्थित थे।मुख्य अतिथि किरण साहू ने एकता अखंडता के प्रतीक समाजिक ध्वज को आरोहित किए,और सामूहिक मंगल





महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का सफलता पूर्वक विधिवत संचालन कर रहे सचिव साहू समाज अर्जुनी लविंद्र साव ने अतिथियों के सम्मान उपरांत स्वागत भाषण ग्राम अध्यक्ष भैया लाल साहू को आमंत्रित कर उद्बोधन कार्यक्रम को गति प्रदान किए,कार्यक्रम को मुख्य अतिथि किरण वैष्णव,जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू और पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू,हेमंत साहू,हुकुमचंद जैन ने क्रमश: मां कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरूतियो पर करारा प्रहार करते हुए यह कहा कि आडंबर या दुर्गुण से लिप्त व्यक्ति समाज को दिशा नहीं दे सकते,सामाजिक नियमावली का पालन कर समाज को विकसित और संगठित करने के लिए सबको मिलकर रहने की प्रेरणा दिए।कार्यक्रम का संचालन साहू समाज सचिव लविंद्र साव व आभार ज्ञापन संरक्षक चेतन दास साहू ने किए।कार्यक्रम में विशेष सहयोग सलाहकार दिनेश साहू,मोहनीश साहू,देवेंद्र साहू,शिवकुमार साहू,यशवंत साहू सेवक साहू की रही। पदाधिकारी के रूप में अलखराम साहू,द्रौपति साहू,तुलसा साहू, जीवन दास,बेमलाल,मनसुख, तारम, जीनू, गजेन्द्र, मोहित, पीतांबर, गजेन्द्र साहू, टेसू साहू, हिरदु साहू, खेमलाल साहू मंगलु साहु साहू के सहयोग के साथ साथ परिक्षेत्र सचिव हिरदे राम साहू,खगेश साहू,महेश कुमार साहू,चुम्मन लाल,तालसिंग,भुवन साहू सहित ग्राम अर्जुनी के समस्त स्वजातीय बंधुओ की उपस्थिति रही है।

## ज्ञान मंथन

*1) किस राज्य ने विश्व का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर च्धनु यात्राज् आयोजित किया?*
*2) हाल ही में अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव च्उन्मेषज्ज् का उद्घाटन किस शहर में हुआ?*
*3) उत्तर प्रदेश के किस जिले में पूर्वांचल का पहला यार्न प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है?*
*4) कैसावा का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?*
*5) कश्मीर के हस्त-गुंथित कालीन का स्थानीय नाम क्या है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) ओडिशा (2) पटना (3) मिर्जापुर (4) नाइजीरिया (5) काल बाफ़ी

# खुज्जी केन्दीय बैंक का हाल बेहाल, मैनेजर की घोर लापरवाही



**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खुज्जी में नौ सेवा सहकारी समिति बैंक जिसमें गिदर्री, सम्बलपुर, उमरवाही, खुर्शीपार , पांगरी, सोनेसरार , किरगी, रतनभाट और खुज्जी से लगभग 12-14 हजार किसानों का लेन-देन इस बैंक से होता है अभी हाल ही में राज्य सरकार द्वारा किसानों की डाली गयी अंतर की राशि को निकालने बैंक में इन दिनों अच्छी खासी भीड़ है, पर बैंक मैंनेजर संजय बाजपेयी का व्यवहार किसानों पर भारी पड़ते दिखाई दे रहा है, बैंक प्रबंधन द्वारा सबसे पहले किसानों को रोकने मेन गेट पर ताला जड़ दिया जाता है और पैसा निकालने आये किसानों से कहा जाता है कि वो बाहर से फार्म भरकर लाये, जबकि फार्म बैंक के अंदर होता है, अब किसान कहां से फार्म भरकर लाये., बैंक का चपरासी जो मेन गेट पर बैठा होता है, भारी मान मनौव्वल के बाद ही पैसा निकालने वाला फार्म लाकर देता है, पर बैंक के अंदर वो नही जा सकता, ऐसे ही जिन्हे राशि जमा करना है वो भी अंदर नहीं जा सकते। चपरासी का कहना है कि पैसा जमा करना है तो फार्म भरकर दे दो मैं जमा करवा दूंगा, चपरासी से आये दिन किसानों की बहस होती रहती है, बहस बढ़ने के बाद बैंक मैंनेजर संजय बाजपेयी आकर किसानों से कहते हैं तुम्हारा काम नही होगा , सामान्य कामों के लिये बैंक मैंनेजर की बैंकिंग प्रबंधन व्यवस्था लाचार और बेबस ही दिखाई देता है जैसे ही एक ग्राम जोंधरा निवासी देवेन्द्र शेण्डे जो कि पिता की मृत्यु के बाद पिता के पर्चे में स्थित राशि को अपने नाम करने हेतु क्या करना पड़ेगा की जानकारी लेने के लिए आये हुए थे, सबसे पहले तो चपरासी उन्हे बैंक में घुसने ही नही दिया, फिर चपरासी के साथ बहस बढ़ने के बाद बैंक मैनेजर संजय बाजपेयी ने किसान देवेन्द्र शेन्डे को एक लाईन में कह दिया कि तुम्हारा जो भी है आज नही होगा मतलब नही होगा। कोई पंडाल नही - बैंक में भीड़ बढ़ जाने के बाद भी बैंक मैंनेजर किसानों की बैठक के लिए ना तो कोई पंडाल व्यवस्था करवाया जाता और ना ही कुछ, किसान अपनी सुविधा के अनुसार बाहर कहीं पर भी बैठने को मजबूर हैं। मैनेजर को हटाने की मांग - केन्द्रीय ग्रामीण बैंक में किसानों को हो रही तकलीफ और बैंक मैनेजर के व्यवहार से रूष्ठ किसानों ने बैंक मैनेजर संजय बाजपेयी को तत्काल खुज्जी से हटाने की मांग की है।

# हिन्दु नव वर्ष में सभी मंदिरों मे भक्तों को साथ ले भव्य रूप से मनाने की तैयारी सलाह दी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुजारी पुरोहित संघ द्वारा भव्य होली मिलन किया गया आखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वानी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की होली मिलन समारोह स्थानीय रामजानकी बाला बाबा मंदिर सोनार में भव्य रूप से आखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वानी राष्ट्रीय सचिव लाल जे.के.वैष्णव, प्रदेश सचिव डोमन महराज, जिला प्रभारी निखिल वैष्णव आकाश शर्मा की गार्रिमयी उपस्थिति के मध्य हर्षोल्लास पूर्ण वातारण में सम्मन्न हुई, कार्यक्रम प्रारंभ भगवान लक्ष्मी नारायण ,राधाक़ृष्ण की पूजा अर्चना पुष्पहार अर्पीत कर दीप प्रजवलित कर भोग प्रसादी केला, सेब,अंगूर साबुदाना चढ़ाकर महाप्रसादी ,फ्लाहारी बाटा गया यह होली मिलन में संयोग वश पाप मोचनी एकादशी व्रत का भी योग था, पाप मोचनी एकादशी,आत्मशुद्धी व संयम के द्वारा ईश्वर कृपा प्राप्ति का अदभूत अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम के अंत में आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार किया गया है। जिसके तहत सभी मंदिरों में हिन्दु नववर्ष प्रतिपदा विक्रम सवंत 2043 सभी मंदिरों में धुमधाम से भक्तों को साथ लेकर भव्य रूप से मनाने की सलाह दी है, रामजन्म उत्सव भी सभी मंदिरों में धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया रामनंवमी को विशेष रूप गुराम (गुड़ाम ) पंजरी का भोग लगाकर पंजरी ,पंचामृत महाआरती पश्चात् बाटा जाता है। हर माह अलग-अलग मंदिरों मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जावेगा। तथा हर माह प्रथम शनिवार को सुदंर काण्ट का पाठ अलग-अलग मंदिरों में किया जावेगा, साथ आखिल पुजारी पुरोहित संघ की बैंठके भी होगा, जो नियमित आखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी सभी पुजारी पुरोहितों से उपरोक्त कार्यक्रम सभी मंदिरो नियमित रूप से कराये जाने का आग्रह सभी पूजारी पुरोहितो से किया है, देवकुमार निर्वाणी ने आगे बताया कि सनातन धर्म का ध्वजवाहक पुरोधा आदिकाल से वैष्णव जन ही है, 700 वर्ष ही श्री,श्री 1008 श्री जगत गुरू रामनंद चार्य ने उद् घोष किया था, जाति - पाती पुछे नहीं कोई हरि का भजै सौ हरि का कोई कार्यक्रम राष्ट्रीय सचिव लाल जे.के.वैष्णव, प्रदेश सचिव डोमन महराज, ने भी अपने सारगंर्भीत उद्बोधन किये, कार्यक्रम का संचालन निखिल वैष्णव द्वारा किया गया,अभार प्रदर्शन अकाश शर्मा द्वारा किया गया।

## भोरमदेव महोत्सव 2026: संस्कृति संध्या में छत्तीसगढ़ी रंग, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** भोरमदेव महोत्सव की संस्कृति संध्या में छत्तीसगढ़ की लोक और शास्त्रीय संस्कृति का सुंदर संगम देखने



को मिला। पूरे कार्यक्रम में गीत, संगीत और नृत्य का खास माहौल रहा, जिससे वातावरण खुशहाल और जीवंत हो गया। प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय और अन्य जिलों से आए कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। लोकगीत, भजन और पारंपरिक नृत्य ने दर्शकों का खूब मन मोहा। दर्शक देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे और तालियों की गूंज से पूरा महोत्सव परिसर गूंजता रहा।

**दिलीप षडंगी की प्रस्तुति में देर रात तक झूमते रहे दर्शक**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जगराता एवं लोकगायक दिलीप षडंगी, जिन्होंने अपनी दमदार आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। च्जांजगीर के चंदवा बैगाज्ज्, च्हर हर हर भोला गुरु महादेव आमा पान के पतरी अऊ करेला पान के दोना... और लाली लाली चुनरी ओढ़े दाई मोर जैसे भक्ति गीतों से उन्होंने पूरे माहौल को श्रद्धा से भर दिया। वहीं च्बोरे बासी संग म खवाहुज्ज्, च्छुनूर छुनूर पैरी बाजे रे गोरीज्ज् जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुति में भक्ति, लोक और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। उनकी शानदार प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक झूमते नजर आए।

**आरु साहू के गीतों से महोत्सव परिसर हुआ छत्तीसगढ़ी लोकरंग से हुआ सराबोर**

भोरमदेव महोत्सव की संस्कृति संध्या में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का शानदार रंग देखने को मिला, जब लोकप्रिय लोकगायिका आरु साहू ने अपने सुमधुर स्वर में एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह जीवंत कर दिया और दर्शक देर रात तक झूमते रहे। उन्होंने च्मैया झुप-झुप महुला नचाई रे...ज्ज् से शुरुआत कर उत्साह का माहौल बनाया, वहीं च्हर घर में एक ही नारा गूंजेगा...ज्ज् और च्सुआ गीत तरी हरि नाना...ज्ज् जैसे गीतों ने दर्शकों में जोश भर दिया। च्सावन म शिव जी ला मानबो...ज्ज् ने भक्ति का रंग घोला, जबकि च्जब खेलव दुलरवा रनभन रनभन ओ... और झूपत झूपत आबे दाई... जैसे गीतों ने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

# डोंगरगांव में कर्मचारियों का शानदार प्रदर्शन

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लंबित मांगों को लेकर आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर बुधवार 18 मार्च को जिले के डोंगरगांव विकासखंड में कर्मचारियों ने भोजनावकाश के दौरान सामूहिक प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे और शासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव को सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के कर्मचारियों से जुड़े 11 महत्वपूर्ण मुद्दों का त्वरित निराकरण करने की मांग की गई है। फेडरेशन का कहना है कि इन मांगों को लेकर लंबे समय से शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स का भुगतान, चार स्तरीय समयमान वेतनमान (8, 16, 24, 32 वर्ष) लागू करना, 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण, विभिन्न विभागों की वेतन विसंगतियों को दूर करना और पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देने, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को समयमान वेतनमान, अनुकंपा नियुक्ति में शर्तों को समाप्त करने तथा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। कर्मचारियों ने यह भी मांग की है कि दैनिक वेतनभोगी, संविदा एवं अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए और रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। साथ ही आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली एवं सेवानिवृत्ति के बाद संविदा नियुक्ति को तत्काल बंद करने की बात भी कही गई। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। यह प्रदर्शन फेडरेशन के चतुर्थ चरण आंदोलन का हिस्सा है, जिसमें प्रदेशभर के 132 से अधिक मान्यता एवं गैर-मान्यता प्राप्त संगठन शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों ,कर्मचारी में विनोद टांडेकर, मुकेश साहू, सेवाराम पटेल, रमेश कुमार साहू, क्षितिज सोरी, अभिषेक भोसले, नंदकिशोर देवांगन, अंबिका कुवर, प्रवीण कुमार राजपूत, डिकेश साहू, कन्हैया यादव, मोहब्बत सिंह ठाकुर, आर.एल. साहू और भरत साहू प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि अब उनकी मांगों को नजरअंदाज करना संभव नहीं होगा और यदि जरूरत पड़ी तो वे उग्र आंदोलन के लिए भी किया जाएगा ।



# श्रीमती मीना धुर्वे, उप वनक्षेत्रपाल, कवर्धा वनमंडल ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर विभाग को किया गौरवान्वित

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल, जिला कबीरधाम में पदस्थ श्रीमती मीना धुर्वे, उप वनक्षेत्रपाल द्वारा रजत पदक प्राप्त कर न केवल वन विभाग अपितु पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया गया है। केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा वेटलिफ्टिंग (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन खेल विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा दिनांक 05 से 07 मार्च 2026 तक किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कवर्धा वनमंडल अंतर्गत कार्यरत श्रीमती मीना धुर्वे, उप वनक्षेत्रपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। श्रीमती धुर्वे ने 77 किलोग्राम वर्ग में 42 किलोग्राम (स्नेच) एवं 55 किलोग्राम (क्लीन एंड जर्क) सहित कुल 97 किलोग्राम भार उठाकर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व भी उन्होंने वन विभाग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विभाग का गौरव बढ़ाया है। वनमंडलाधिकारी श्री निखिल अग्रवाल द्वारा श्रीमती धुर्वे को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, वनमंडल परिवार द्वारा भी उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।



## धर्म समाचार....

# चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से : एक साल में चार बार आती है नवरात्रि

देवी पूजा का उत्सव चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू हो रहा है। ये पर्व 27 मार्च तक चलेगा। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 भी शुरू हो जाएगा। इस बार हिन्दी वर्ष 12 नहीं 13 महीनों का रहेगा, क्योंकि संवत् 2083 में एक अधिकमास भी है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, चैत्र नवरात्रि और आश्विन नवरात्रि में आम भक्त देवी दुर्गा के नौ स्वरूपो की पूजा करते हैं, जबकि माघ और आषाढ़ मास की नवरात्रि गुप्त होती है, इन दिनों में तंत्र-मंत्र से जुड़े साधक देवी सती की दस महाविद्याओं की साधना करते हैं। इस तरह एक साल में चार बार नवरात्रि आती है- दो प्रकट नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि।

**27 मार्च तक चैत्र नवरात्रि**

हिन्दी पंचांग के अनुसार इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च की सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। इसी वजह से 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत मानी जा रही है। नौ दिनों तक चलने वाले ये पर्व 27 मार्च को रामनवमी के साथ खत्म होगा।

**घटस्थापना से होती है चैत्र नवरात्रि की शुरुआत**

नवरात्रि के पहले दिन घरों और मंदिरों में घटस्थापना यानी कलश स्थापना की जाती है। कलश को माता दुर्गा का प्रतीक माना जाता है। घटस्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाली पूजा शुरू हो जाती है। कई लोग इन दिनों व्रत रखते हैं और सुबह-शाम माता की आरती



करते हैं। मंत्र जप, ध्यान और देवी मां के ग्रंथों का पाठ करते हैं। इन दिनों में देवी के 51 शक्तिपीठों में काफी भक्त पहुंचते हैं।

**संवत् 2083 में ज्येष्ठ मास में आएगा अधिकमास**

इस साल 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ मास का अधिकमास रहेगा यानी ज्येष्ठ दो महीनों का रहेगा। इस वजह से संवत् 2083 13 महीनों का होगा। संवत्सर का नाम रौद्र है। बृहस्पति ग्रह राजा और मंगल ग्रह मंत्री है। अधिकमास को पुरुषोत्तम मास भी कहते हैं। यह महीना भगवान विष्णु की पूजा के लिए बहुत शुभ माना जाता है। इस समय लोग जप, तप, दान, कथा, तीर्थ और पूजा-पाठ करते हैं, हालांकि इस महीने में शादी, गृह प्रवेश, नया व्यापार शुरू करने लिए शुभ मुहूर्त नहीं होते हैं।

**चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में करें देवी के नौ स्वरूपों की पूजा**

चैत्र नवरात्रि पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है, जिन्हें शक्ति और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है, जो तप और आत्मसंयम की प्रेरणा देती हैं। तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है, जिनकी आराधना से भय दूर होता है और साहस बढ़ता है। नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है। माना जाता है कि उनकी कृपा से ज्ञान और समृद्धि मिलती है। पांचवें दिन मां स्कंदमाता की आराधना होती है, जो मातृत्व और संतान सुख का आशीर्वाद देती हैं। छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है और मान्यता है कि उनकी कृपा से विवाह संबंधी बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। उन्हें बुरी और नकारात्मक शक्तियों से रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। आठवें दिन मां महागौरी की आराधना की जाती है, जिनकी पूजा से जीवन में शांति और पवित्रता आती है। नौवें और अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। मान्यता है कि वे अपने भक्तों को सिद्धि, सफलता और पूर्णता का आशीर्वाद देती हैं।

## पितरों के आशीर्वाद के लिए कहां और कैसे जलाएं दीया? नोट करें नियम

हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि का बहुत गहरा आध्यात्मिक महत्व है। यह वह दिन है जब चंद्रमा आकाश में दिखाई नहीं देता, जिसे ज्योतिष की दृष्टि से 'शून्यता' और अध्यात्म की दृष्टि से 'पितरों का समय' माना जाता है। साल 2026 में आने वाली अमावस्या तिथियों पर अगर आप कुछ विशेष स्थानों पर दीपक जलाते हैं। तो, मान्यता है कि इससे न केवल घर का अंधेरा दूर होता है, बल्कि पितरों के आशीर्वाद से जीवन की बड़ी-बड़ी बाधाएं भी समाप्त हो जाती हैं।




**दीपक जलाने का महत्व और परंपरा**- शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हमारे पूर्वज (पितृ) पृथ्वी लोक के करीब होते हैं। 'गरुड़ पुराण' और 'मत्स्य पुराण' में स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि जो लोग अमावस्या के दिन अपने पितरों के नाम से दीपदान करते हैं। उनके पितृ तृप्त होकर उन्हें सुख, समृद्धि और वंश वृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

**इन 5 जगहों पर जलाएं दीपक**- घर के मुख्य द्वार यानी दहलीज पर दीपक जलाना सबसे जरूरी माना गया है। यह न केवल लक्ष्मी जी के आगमन का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को भी घर में घुसने से रोकता है। कोशिश करें कि दीपक का मुख बाहर की ओर हो। अमावस्या की शाम को घर की दक्षिण दिशा में एक दीपक जरूर रखें। दक्षिण दिशा पितरों की मानी जाती है। इसलिए, यहां दीपक जलाने से उन्हें मार्ग दिखाई देता है और वे प्रसन्न होते हैं। ऐसी मान्यता है कि पीपल के पेड़ में त्रिदेवों के साथ-साथ पितरों का भी वास होता है। अमावस्या पर शाम के समय पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाने से मानसिक शांति मिलती है और शनि दोष भी कम होता है। आपके घर में जहां पानी रखने का स्थान (मटका या आरो) है, वहां एक छोटा दीपक जलाएं। शास्त्रों में जल स्थान को भी पितरों का स्थान माना गया है। इससे घर में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती। अगर संभव हो, तो पास के किसी मंदिर में जाकर दीपदान करें। यह आपके पुण्य कर्मों में वृद्धि करता है और मन के अनजाने डर को दूर करता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर बताई उपलब्धियां

## स्वच्छता, पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओ के विस्तार मे पिछले एक वर्श में हुए कई उल्लेखनीय कार्य , पिछले एक वर्ष में नगर में विभिन्न विकास कार्यो के लिए नगर पंचायत को मिली करोडो की लागत की तीन एकड जमीन

मनोज यादव

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने आज अपने एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने नगर विकास के लिए पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यो एवं उपलब्धियो को सामने रखा। नगर अध्यक्ष ने कहा की नई परिषद एवं नगर की नई सरकार ने वित्तीय सत्र 25-26 में मूलभूत सुविधाओ के विस्तार तथा पेयजल, व स्वच्छता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए है।

17 मार्च 2025 को नगर की नई सरकार अस्तित्व में आई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी निर्वाचित पार्शदो ने पिछले वर्ष 17 मार्च को शपथ ग्रहण किया था। आज कार्यकाल के एक वर्श पूर्ण होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपनी एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियो को सामने रखते हुए कहा की अभी बहुत कुछ करना पेश है। नई परिषद के समक्ष कई चुनौतिया है और मूलभूत समस्याओ के निराकरण की दिशा में आम जनता की काफी अपेक्षाए है लेकिन हम ईमानदारी से सभी कार्य करते हुए शासन व प्रशासन का सहयोग प्राप्त कर लोगो की हर आकांक्षाओ को पुरी करने का प्रयास करेंगे।

### पेयजल सुविधा के लिए बीस किमी पाईप लाईन बिछा

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की हमारी पहली प्राथमिकता लोगो को पीने का पानी पिलाना है। इसलिए इस दिशा में काफी काम हुआ है और आगे भी प्रयास जारी है। नगर अध्यक्ष ने कहा हमने जल आवर्द्धन योजना अंतर्गत बीस किमी नया पाईप लाईन बिछाया है। इसके अलावा डब्लूटीपी एवं इटेकवेल से जुडे कार्यो में भी काफी प्रगति लाई है। इसके अतिरिक्त पानी की समस्या के निराकरण के लिए प्रभावित वार्डो में मेरेंगांव, कान्हे, परमेष्वरी नगर, बजरंग चौक, गांधी चौक, पटेल पारा सहित अन्य कई स्थानो मे बोर करा कर उसे सीधे पाईप लाईन से जोडा है। नगर अध्यक्ष ने कहा की अभी भी हमे कुछ वार्डो में कार्य करने की आवष्यकता है। इस दिशा में हमारी परिषद एवं हमारी प्रशासनिक टीम कार्य कर रही है।

### स्वच्छता रैकिंग में सुधार के लिए घर घर डस्टबीन वितरण

नगर अध्यक्ष ने बताया की स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हमारे नगर में साफसफाई के कार्य में सुधार करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओ में है। हमने नगरवासियो में स्वच्छता के प्रति व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए पिछले एक वर्ष से निरंतर बिना रूके हर सप्ताह एक दिन



श्रमदान अभियान चला रहे है। इसके अलावा लोगो के सोच च व्यवहार में बदलाव के लिए व्यवसायिक एवं घरेलू सेक्टर में हर घर व हर दुकान को डस्टबीन वितरित कर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का आहवान किया है। जिससे हमारे नगर की तस्वीर काफी हद तक बदली है। इसके अलावा हमने शासन के निर्देश पर शासन को सहयोग करने के लिए यूजर चार्ज अनिवार्य रूप से लागू किया है। शासन से जेसीबी मिलने पर हमे सफाई के कार्य में काफी सहायता प्राप्त हो रही हैं। नगर अध्यक्ष ने बताया की स्वच्छता के मामले में अभी भी कई सुधार एवं कार्य करने के साथ साथ लोगो के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए काम करने की आवश्यकता है। अब हम इस वर्ष नई प्राथमिकताओ को सामने रखकर कार्य कर रहे है।

### नगर में विकास कार्य के लिए मिली करोडो की मंजूरी

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया की हमे नगर में विभिन्न विकास कार्यो के लिए राज्य शासन से अधोसंरचना मद से दो करोड रुपए प्राप्त हुए है। इसके अलावा हमारे नगर में करोडो की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पिछली परिषद में अटल परिसर का निर्माण रूका हुआ था। हमने सरकार में आते ही इसे पूर्ण कराया है। नगर अध्यक्ष ने बताया की शिवनाथ तट पर स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए हमे शासन से 25 लाख की मंजूरी मिली है। इसके अतिरिक्त हमने विभिन्न वार्डो में सड़क, नाली एवं सौदर्यीकरण तथा अन्य विकास कार्यो के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा हुआ है।

### विकास कार्यो के लिए शासन से करोडो की जमीन मिली

एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धिया को सामने रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की हमारी सबसे बडी उपलब्धि नगरीय निकाय के लिए करोडो की जमीन शासन से प्राप्त की है। नगर अध्यक्ष ने बताया की हमे शिवनाथ मुक्तिधाम के समीप एसटीपी निर्माण के लिए एक एकड़ एवं साप्ताहिक बाजार स्थल से कान्हे जाने वाले मार्ग में रजिया पटवा घर के समीप एसटीपी निर्माण के लिए आधा एकड़ जमीन तथा बस स्टैन्ड में प्राइम लोकेशन में करोडो की लागत वाली लगभग आधा एकड जमीन एवं नया बस स्टैन्ड मे सडक निर्माण के लिए लगभग 25 डिसमिल जमीन हमे शासन से प्राप्त हुई है। नगर अध्यक्ष ने बताया की निकाय ने पिछले एक वर्ष में नगर पंचायत की अचल संपत्ति बढाने की दिशा में रिकार्ड उपलब्धि बनाई है।

### सीएम व डिप्टी सीएम का जमाया आभार

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपने कार्यकाल के पिछले एक वर्ष में शासन एवं प्रषासन से मिले सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए मीडिया के माध्यम से सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया है। नगर अध्यक्ष ने सीएम विष्णुदेव साय, विभागीय मंत्री डिप्टी सीएम अरूण साव, जिला प्रभारी मंत्री डिप्टी सीएम विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग के सचिव, संचालक, एवं जिले की कलेक्टर तुलिका प्रजापति, डीएफ्ओ श्री पटेल, एसपी वाई.पी.सिह, एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य एवं जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी सहित नगर पंचायत परिषद व नगरवासियो का सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार ज्ञापित किया है।

## हिंदू नव वर्ष पर भव्य मोटर साइकिल शोभायात्रा आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर आज दिनांक 19 मार्च गुरुवार को शहर में भव्य मोटरसाइकिल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में सर्व सनातन समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन होगा। शोभायात्रा संध्या 4:00 बजे महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी श्रद्धालु मोटरसाइकिलों के साथ शामिल होंगे। भगवा ध्वजों और जयघोष के साथ यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः महावीर चौक पहुंचेगी।

**उत्साह और सांस्कृतिक एकता का संदेश**

आयोजकों के अनुसार इस शोभायात्रा का उद्देश्य हिंदू नव वर्ष के प्रति समाज में उत्साह जागृत करना तथा सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना है। रैली के दौरान च्जय श्री रामज् और नववर्ष की शुभकामनाओं के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहेगा।

**महिलाओं की भी रहेगी सक्रिय भागीदारी**

इस आयोजन की खास बात यह है कि बड़ी संख्या में महिलाएं भी भगवा ध्वज लेकर भजनों की धुन पर शामिल होंगी, जिससे शोभायात्रा और अधिक आकर्षक व भव्य बनेगी।विश्व हिंदू परिषद के समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाएं और नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास के साथ करें। साथ ही संगठनों ने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने-अपने घरों के सामने रंगोली सजाएं और दीप प्रज्वलित कर हिंदू नव वर्ष का स्वागत करें। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव को भी प्रोत्साहित करता है।

## गहिराभेंडी (बेलरगोंदी) में सेन समाज का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गहिराभेंडी (बेलरगोंदी)। सेन समाज सर्किल क्रमांक दो के तत्वावधान में ग्राम गहिराभेंडी (बेलरगोंदी) में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के जिला पदाधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष दुकालू सेन, उपाध्यक्ष शंकर सेन, कोषाध्यक्ष टहलू सेन, सचिव जीवन सेन सहित जिला सर्वसेन समाज के पदाधिकारी शेखर भरद्वाज, देवकुमार सेन एवं प्रताप सेन उपस्थित रहे। इसके साथ ही सर्किल के समस्त सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली भारत का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय त्योहार है, जिसे रंगों का पर्व भी कहा जाता है। यह पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और समाज में प्रेम, एकता एवं सद्भाव को बढ़ावा देता है।



## विधानसभा घेराव में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी माननीय श्री सचिन पायलट जी, प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री दीपक बैज जी, नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री चरणदास महंत जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी, पूर्व उपमुख्यमंत्री माननीय श्री टी एस सिंह देव जी के आह्वान पर बुधवार को आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। इस दौरान श्री लोधी ने प्रदेश में बढ़ती महंगाई, मनरेगा, बेरोजगारी, बिजली बिल, अफीम के अवैध कारोबार, गैस की किल्लत, किसानों की समस्याओं, भ्रष्टाचार, अपराध एवं जनसामान्य



से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए कहा कि यह आंदोलन प्रदेश की आम जनता की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है। श्री लोधी ने आगे कहा कि किसानों, युवाओं और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस प्रकार के जनआंदोलन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा जनविरोधी नीतियों पर पुनर्विचार किया जाए। विधानसभा घेराव कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले से प्रमुख रूप से पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पटीला, जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष विपिन यादव, जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, कुलबीर छबड़ा,रमेश डाकलिया, पदम कोटारी, राहुल तिवारी, पंकज बंधों, हरीश भंडारी, टीकेश साहू, जितेन्द्र सिंह भाटिया, पंचराम चंदेल, नरेश उइके, प्रताप धावड़े, धर्मेंद्र साहू, मतीन खान, दशरथ,फत्तू वर्मा ,पारस टाडेकर,भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा, संजय यादव,गनपत रजत, नरेश करसे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इससे स्पष्ट होता है कि जनता अब अपने हक की आवाज़ उठाने के लिए एकजुट हो रही है।

## भारतीय जनता पार्टी का जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजनांदगांव का परिचयात्मक बैठक संपन्न हुआ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** माननीय वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश पदाधिकारी ,जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ पार्षद दल राजनांदगांव की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अशोक साहू जी के निर्देश पर जिला भाजपा राजनांदगांव अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी के आदेशानुसार जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व में परिचयात्मक बैठक भव्य रूप से कार्यक्रम सफल व संपन्न हुआ जिसमें ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति गरिमा मई रही ।

दिलीप साहू के द्वारा कहा गया है जिला अध्यक्ष का दायित्व शीर्ष नेतृत्व के द्वारा दिया गया है उसे पर मैं खरा उतरूंगा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा को पूरे जिले में पिछड़ा वर्ग लोगों तक राज्य एवं केंद्र के जनकल्याणकारी योजना को हर घर तक पहुंचाऊंगा और हर वर्ग को लाभ दिलाऊंगा पिछड़ा वर्ग में 95 जाति का निवास है एवं छत्तीसगढ़ में 42 परसेंट पिछड़ा वर्ग मोर्चा का भागीदारी होता है जिसका लाभ पिछड़ा मोर्चा के द्वारा लाभ पहुंचाया जाना चाहिए जो विश्वास पार्टी ने किया है उसे पर मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करुंगा और पार्टी को शीर्ष नेतृत्व तक ले जाऊंगा।

## मुखबिर की सूचना से खुला बाइक चोरी का राज, मोहड़ चौक से उड़ी पल्सर बरामद

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मोहड़ चौक से दिनदहाड़े चोरी हुई बाइक के मामले में डोंगरगांव पुलिस ने अहम सफलता हासिल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, ग्राम साल्हे मन्होरा निवासी तिलक राम ने 10 जनवरी 2026 को थाना डोंगरगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बजाज पल्सर 125 (ष्ट्र 08 क्रश्व 2062) दोपहर करीब 3 बजे मोहड़ चौक के पास से चोरी हो गई है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से मिली



सूचना के आधार पर संदेही महेन्द्र उर्फ दादू मानिकपुरी (42) किल्ला पारा डोंगरगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 60 हजार रुपए कीमत की चोरी गई बाइक बरामद कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। टीम की भूमिका: इस कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव और आरक्षक हेमंत सूर्यवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छगन निषाद पुनः भर्रेगांव परिक्षेत्र का अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव परिक्षेत्र भर्रेगांव का चुनाव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद व पर्यवेक्षक टीकम निषाद की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी, सहायक निर्वाचन अधिकारी दाता राम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी हरिराम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रेम प्रकाश निषाद विघुत विभाग कम्प्यूटर आपरेटर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत निषाद ने छगन निषाद को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर 1 मत से निर्वाचित घोषित किया गया । सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी ने



बताया कि अध्यक्ष छगन निषाद ठेकवा को 46 मत, भूषण निषाद को 45 मत व गौतम निषाद को 37 मत प्राप्त हुए। मतदाता की कुल संख्या 154 में 128 मतदाताओं ने मतदान किया । परिक्षेत्र के अन्य पदाधिकारी गण उपाध्यक्ष तिलक राम निषाद धामनसरा, महासचिव अमृत राज निषाद बुचीभरदा, कोषाध्यक्ष बंशीलाल निषाद कुसमी, अंकेक्षक तोरनलाल निषाद सिंघोला, सचिव चुम्मन सिंह निषाद धामनसरा, सहसचिव देवराज निषाद उसरीबोड, संगठन सचिव अरविन्द निषाद बुचीभरदा, उप संगठन सचिव उगेश्वर निषाद बेलटिकरी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिव्या निषाद कोसमी, कार्यालय सचिव महेश्वर लाल निषाद भर्रेगांव को निर्विरोध निर्वाचित होने पर जिला संगठन राजनांदगांव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

आवश्यकता है
Nursing Staff
(ICU & NICU) – 5 पोस्ट
(ANM, GNM, BSC Nursing)
डी. एन. ए. क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल
एक्सिस बैंक के पास , भदोरिया चौक राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.न. : 7509154040 , 9343184709

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

## छुईखदान नगर पंचायत में वाटर एटीएम बदहाल, लाखों की योजना फेल – गर्मी में भी नहीं मिल रहा पानी

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र में आम जनता और राहगीरों को सस्ता व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया गया वाटर एटीएम आज बदहाली का शिकार हो चुका है। लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई यह मशीन शुरू से ही अधिकतर समय बंद पड़ी रही है, जिससे इसका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब से यह वाटर एटीएम लगाया गया है, तब से यह शायद ही कभी नियमित रूप से चालू रहा हो। अधिकतर समय मशीन खराब ही रहती है और जिम्मेदारों द्वारा इसकी मरम्मत या मेंटेनेंस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन, यह योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में लोगों को ठंडे और स्वच्छ पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। बावजूद इसके, नगर पंचायत की ओर से अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को मजबूरी में



बाजार से महंगा पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में एक बड़ी खामी वाटर एटीएम की लोकेशन को लेकर भी सामने आ रही है। जिस स्थान पर इसे लगाया गया है, वहां लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रहती है। यदि इसे मुख्य मार्ग या चौपाटी जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थापित किया जाता, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खाने-पीने के लिए आते हैं और बाहरी यात्री भी रुकते हैं, तो इसका लाभ कहीं अधिक लोगों को मिल सकता था। स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि इस मशीन के रखरखाव के लिए किसी प्रकार की ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। न तो नियमित जांच होती है और न ही खराब होने पर तुरंत सुधार किया जाता है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। नगरवासियों ने प्रशासन और नगर पंचायत से मांग की है कि जल्द से जल्द वाटर एटीएम को दुरुस्त किया जाए, उसकी नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाए और जरूरत पड़ने पर इसे उचित व व्यस्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो लाखों रुपये की यह योजना पूरी तरह विफल साबित हो जाएगी और आम जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाएगा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com